कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेतम) : (क) से (ग) निम्नलिखित तालिका उन प्रमुख उर्वरकों की बिक्री को दर्शाती है, जिन्होंने पिछले वर्ष 1 अप्रैल, 1992 से 1 जनवरी, 1993 तक की अनुवर्ती अवधि में हुई [illegible] कमी दर्ज की है :—

	1 अप्रैल, 91 से 31 जनवरी 1,992 तक हुई बिक्री	1 अप्रैल, 92 से 31 जनवरी, 1993 तक हुई बिक्री	प्रतिशत कमी
		(लाख मीटर टन में)	
डी. ए. पी. . .	41.43	34.55	(–)16.6
एम. ओ. पी. . .	16.94	10.45	(–)38.3

@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1233, 4 मार्च,

(घ) फसल उत्पादन पर तत्काल प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की कोई सम्भावना नहीं है। आशा है कि चालू रबी मौसम के दौरान खाद्य उत्पादन संतोषजनक होगा।

(ङ) और (च) भारत सरकार ने रबी 1992–93 के दौरान, छोटे और सीमान्त किसानों सहित सभी किसानों को डी.ए.पी., एम.ओ.पी. और उनके योगों की रियायती बिक्री के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 340 करोड़ रुपए निर्मुक्त करने के प्रावधान की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त, छोटे और सीमान्त किसानों को लाभ हेतु 500 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है, ताकि उन्हें अवसंरचनात्मक सुविधायें उपलब्ध कराई जा सकें।

Funds (or Horticulture Development in Aruiachal Pradash

2127. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what was the total amount of fund earmarked for Horticulture Development in Arunachal Pradesh during 1989 90, 1990-91 and 1992;

(b) how many hectares of horticul-lure gardens are exising in the State, district-wise;

(c. whether the productions of thesa gardens are sufficient to feed only the State's food processing unit at NINGMAI_ West Siang district; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NET AM): (a) The details of the funds earmarked for horticulture development in Arunachal Pradesh during 1989-90, 1990-91 and 1991-92 under Central and State-sectors are as under:—

Year	Central Sector	State Sector
	(Rs in lakhs)	
1989-90	0.095	126.45
1990-91 . .	5.48	200. [illegible]
1991-92 .	11.53	302.00

(b) The district-wise area in horticulture gardens in Arunachal Pradesh are as under: —

Name of District	Area in ha. (1991-92)
1. Tawang	1281
2. West Kameng	3478
3. East Kameng	829
4. Lower Subansiri	2557
5. Upper Subansiri	2141
6. East Siang.	2484
7. West Siang	3819
8. Lohit	1246
9. Dibang Valley	927
10. Tirap	1119
11. Changlang.	1094
	21262

(c) and (d) The produce is rendered surplus after the feeding fruit processing unit in Siang district. As capacity of the fruit processing unit is only 5 metric tonnes per day of 8 hrs. shift. The unit is commissioned particularly as pilot project.

गुजरात में मृदा और जल-संरक्षण संबंधी योजनाएं

2128. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में केन्द्र द्वारा प्रायोजित मृदा और जल-संरक्षण संबंधी योजनायें क्रियान्वित की जा रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उनका क्रियान्वयन संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, हां।

(ख) नदी घाटी परियोजनाओं के स्रवण क्षेत्रों में मृदा संरक्षण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना गुजरात के चार स्रवण क्षेत्रों, अर्थात् दन्तीवाड़ा, दमन गंगा, माही और उकाई में क्रियान्वित की जा रही है। यह योजना अखिल भारतीय मृदा एवं भूमि उपयोग सर्वेक्षण संगठन द्वारा चिह्नित पनधाराओं को उच्च एवं बहुत उच्च श्रेणियों को कवर करते हुए पनधाराओं के आधार पर क्रियान्वित की जा रही है। विगत तीन वर्षों के दौरान वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

वर्ष	वास्तविक (000 हैक्टेयर)	वित्तीय (लाख रु० में)
1989–90	1.80	97.43
1990–91	2.24	128.00
1991–92	3.23	200.00

खाद्यान्नों का उत्पादन

2129. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्षा की अनियमितता के परिणामस्वरूप पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत में खाद्यान्नों का उत्पादन कम हुआ है;

(ख) वर्षा के अनिश्चितता के कारण किसानों को होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार की क्या योजना है; और